कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।

Email:-dfo_pauri_uta@yahoo.co.in , Phone/Fax no:-01368-222215

पत्रॉकः– 610 /12-1 : दिनॉकः पौड़ी, माह, अगस्त, 18..... 2022

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड,
लो0नि0वि0 सतपुली (मु0–कोटद्वार)

विषय– **जनपद पौडी गढवाल में पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत विकासखण्ड कल्जीखाल में कल्जीखाल से साकनीबड़ी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.427 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन करने के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ:– वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी की पत्र सं0 410/12–1, दिनॉक 10–08–2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि विषयगत प्रकरण में उत्तराखण्ड शासन वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4 की पत्र संख्या 572/X–4–15/1(339)/2015, दि0 31.07.2015 से सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। भारत सरकार के पत्रांक 8-46/2012-FC दिनॉक 23.06.2022 का उल्लेख करते हुये अवगत कराया गया है कि दिनॉक 01.03.2017 से पूर्व के प्रकरणों में पत्र जारी होने के 45 दिनों के भीतर स्टेज–1 की अनुपालन आख्या को प्रेषित न किये जाने की दशा में ऐसे प्रकरणों को निरस्त कर दिया जायेगा। भारत सरकार, पर्यावरण वन मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश संख्या– 5-3/2011-FC(VOL-I) दिनॉक 06–01–2022 से स्पष्ट किया गया है कि ऐसे प्रकरण जिनमें दिनॉक 06.01.2017 से पूर्व सैद्धान्तिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है परन्तु दिनॉक 06.01.2022 तक विधिवित स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है ऐसे प्रकरणों में एन0पी0वी0 की नई दरें लागू होंगी।

भारत सरकार, पर्यावरण वन मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश संख्या– 5-3/2011-FC(VOL-I) दिनॉक 06–01–2022 की व्यवस्था के अनुसार आपके द्वारा विषयगत प्रकरण में एन0पी0वी0 की कुल धनराशि रू0 44,50,065.00 (चौवालीस लाख पचास हजार पैसठ) मात्र की धनराशि जमा की जानी है। जिसके साक्षेप आपके द्वारा एन0पी0वी0 की धनराशि निर्धारित वित्तीय वर्ष में रू0 29,08,539.00 (उन्नतीस लाख आठ हजार पांच सौ उनचालीस) मात्र पूर्व में ही जमा की जा चुकी है।

अतः आप अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि (44,50,065.00 – 29,08,539.00= रू0 **15,41,526.00) पन्द्रह लाख इकतालीस हजार पांच सौ छब्बीस की धनराशि शीघ्र कैम्पा कोष में जमा करने का कष्ट करें।** तत्पश्चात ही प्रकरण को विधिवत स्वीकृति हेतु उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सकेगा।

भवदीय,

(मुकेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।

पत्रांक / ,दिनॉकित।

प्रतिलिपिः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी को उनके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी, गढ़वाल को सूचनार्थ प्रेषित।

(मुकेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।

(Brijmohan Chauhan 2022 Demand Note Letter:)